दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र:2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (जुलाई)

कक्षा- पाँचवीं **विषय- हिंदी**

उपविषय-अपठित गद्यांश व्याकरण- संज्ञा,वाक्य

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सत्संगति के अनेक लाभ हैं। अच्छे लोगों के साथ रहने से हमारी आदतों में सुधार होता है। वैसे भी अच्छे मित्र मुसीबत के समय सही सलाह देते हैं। हमें बुरे लोगों के साथ से बचना चाहिए। बुरे लोगों का साथ काजल की ऐसी कोठरी है, जिससे हमारा जीवन अंधकारमय हो जाता है। हमें मित्र चुनते समय सावधान रहना चाहिए। सत्संगति हमारे जीवन को सही दिशा दिखाती है और हमें हमेशा खुशहाल रखती है। सत्संगति मनुष्य को उच्च सामाजिक स्तर प्रदान करती है और विकास के लिए सुमार्ग की ओर प्रेरित भी करती है। दूसरी ओर कुसंगति हमारे जीवन को विनाश की ओर ले जाती है और विकास में बाधा डालती है।

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क) अच्छे लोगों के साथ हमें क्यों रहना चाहिए ?

ख) कुसंगति हमारे जीवन को किस ओर ले जाती है ?

प्र०2 निम्न दिए शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-

क) लाभ - खुशी,फ़ायदा

ख) मित्र - दोस्त, यात्री

प्र॰3 सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क) अच्छे मित्र मुसीबत के समय क्या देते हैं ?

अ) पैसे ब) घर स) सही सलाह

व्याकरण

प्र॰4 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए-

क) रानी पीतल के बर्तन धो रही है।

ख) माँ ने चाबियों का गुच्छा मेज पर रखा है।

ग) सोनम खुशी से उछल पड़ी।

प्र॰5 निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य छाँटकर लिखिए।

क) बच्चे पढ़ रहे हैं।

प्र॰6 निम्नलिखित वाक्य में विधेय छाँटकर लिखिए।

क) रहीम दिल्ली में रहता है।